भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 2223 #

गुरूवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

भारत रणभूमि दर्शन का कार्यान्वयन

2223 # श्री अमर पाल मौर्य:
श्री आदित्य प्रसाद:
श्री मिथलेश कुमार:
श्री मयंककुमार नायक:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ की गई 'पर्यटन मित्र' और 'पर्यटन दीदी' पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) 'भारत रणभूमि दर्शन' पहल के कार्यान्वयन से आगंतुकों की संख्या, सुरक्षा तंत्र और स्थानीय सहभागिता में किस प्रकार वृद्धि हुई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी के नाम से एक राष्ट्रीय जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन पहल शुरू की है। यह पहल भारत के 6 पर्यटन स्थलों नामतः ओरछा (मध्य प्रदेश), गांडीकोटा (आंध्र प्रदेश), बोधगया (बिहार), आइजोल (मिजोरम), जोधपुर (राजस्थान) और श्री विजया पुरम (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) में प्रायोगिक रूप से शुरू की गई थी।

इस कार्यक्रम के प्रायोगिक चरण में 4,000 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अब इस कार्यक्रम को पूरे देश में लागू कर दिया गया है।

(ख): भारत रणभूमि दर्शन रक्षा मंत्रालय की एक पहल है। रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित भारत रणभूमि दर्शन पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ऐसा कोई विशिष्ट डेटा संकलित नहीं किया गया है।

*****